Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 64 ◻ रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

खात्मे के कगार पर नक्सलवादः 10 साल में 10 हजार से ज्यादा नक्सलियों का आत्मसमर्पण, अर्बन नक्सल पर भी नकेल

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। भारत में नक्सलवाद अब अपने अंत की ओर है। पिछले 10 साल में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने हथियार डाल दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों के दबाव और सरकार की पुनर्वास नीतियों ने इस उग्रवाद को कराहा झटका दिया है। केंद्र सरकार ने देश से नक्सलवाद खत्म करने के लिए 31 मार्च की समयसीमा तय की थी। आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में 2,300 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। वहीं, 2026 के पहले तीन महीनों में ही 630 से ज्यादा कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया। सरकार ने अब पुरानी और बिखरी हुई नीतियों की जगह एक मजबूत और एकजुट रणनीति अपनाई है। पहले 'लाल गलियारे' (बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश) में ठेकेदार काम करने से डरते थे। अब केंद्र सरकार ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को मुख्य इलाकों में सड़कें बनाने का काम दिया। इसमें विद्रोह के इन गढ़ों में पांच मुख्य सड़कों और छह जरूरी

पुलों का निर्माण शामिल था। माओवादी से प्रभावित इलाकों में 15,000 किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, जिनमें से 12,250 किलोमीटर सड़कें अकेले पिछले 10 वर्षों में पूरी की गई हैं।

सुरक्षा के मोर्चे पर भी बड़े बदलाव हुए हैं। साल 2014 में केवल 66 मजबूत पुलिस स्टेशन थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 586 हो गई है। पिछले 6 साल में 361 नए सुरक्षा कैंप बने हैं। ऑपरेशन की ताकत बढ़ाने के लिए 68 नाइट-लैंडिंग हेलीपैड भी बनाए गए हैं। इसका असर यह हुआ कि नक्सली घटनाओं वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या 330 से घटकर सिर्फ 52 रह गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार माओवादी आंदोलन बिना किसी बड़े नेता के रह गया है। इसका असर है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब आम लोगों तक पहुंच रहा है। पीएम-आवास योजना के तहत घरों की संख्या 92,847 से बढ़कर 2.54 लाख से ज्यादा हो गई है। आधार नामांकन और आयुष्मान कार्डों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। शिक्षा के लिए 250 एकलव्य स्कूल मंजूर हुए हैं, जिनमें से 179 चल रहे हैं। इनके अलावा, 11 केंद्रीय विद्यालय और 6 नवोदय विद्यालय भी संचालित हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समाप्ति पर मंत्री केदार कश्यप का बड़ा बयान, कहा- स्थानीय लोगों ने ऐसा कभी होगा सोचा नहीं था

रायपुर, 29 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश में अब पूरी तरह भय मुक्त और शांत वातावरण है. स्थानीय लोग खुशी जताते हुए कह रहे हैं कि उन्होंने ऐसा कभी होगा, सोचा नहीं था. नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया गृहमंत्री अमित शाह के प्रयासों से भाजपा सरकार में ही संभव हो पाया है। मंत्री केदार कश्यप ने मीडिया से चर्चा में लोकसभा में नक्सलवाद पर होने वाली चर्चा को लेकर कहा कि नक्सलवाद पर चर्चा हम सबके लिए हर्ष का विषय है. पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में बड़े बदलाव हुए हैं. कश्मीर से लेकर राम मंदिर तक कई उदाहरण हैं. छत्तीसगढ़ 50 वर्षों की नक्सल पीड़ा से मुक्त हुआ. गृहमंत्री अमित शाह ने अपना संकल्प पूरा किया. वहीं कांग्रेस के आदिवासी सलाहकार परिषद के गठन पर केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी समाज के साथ अन्याय करती रही. आजादी के बाद से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल से वंचित रखा. भाजपा ने आदिवासी समाज के लिए काम किया।

पीएम मोदी बोले- 'हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा है'; अफवाहों से बचें, लोग संयम बनाए रखें

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा कर रहे हैं। यह कार्यक्रम का 132वां एपिसोड है और वर्ष 2026 का तीसरा प्रसारण होगा। हर महीने की तरह इस बार भी लोगों को प्रधानमंत्री के संबोधन का इंतजार है। मन की बात देश के लोगों से सीधा संवाद का मंच माना जाता है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से साझा किया कि जब समाज स्वयं पहल करता है, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई प्रेरक उदाहरण सामने आ रहे हैं। मोदी ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुए एक प्रेरक प्रयास का जिक्र किया। वहां सिर्फ एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और इस प्रयास ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस काम की सबसे खास बात यह थी कि हजारों लोग एक साथ जुड़े। छात्र, जवान, स्वयंसेवी संगठन और विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर इसे संभव बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि यह जनभागीदारी का स्वरूप पहले से ही एक पेड़ मां के नाम अभियान में दिखाई देता है। इस अभियान के तहत पूरे देश में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के लक्ष्य को साकार करने में मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और यह समय जल संरक्षण के संकल्प को दोहराने का है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में जल संचय अभियान ने देशभर में लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया है। इस अभियान के तहत करीब 50 लाख कृत्रिम जल संचयन संरचना बनाए गए हैं।

ब्रेकिंग न्यूज

केरल में पीएम मोदी का चुनावी शंखनाद, पलक्कड़ में रैली और त्रिशूर में करेंगे मेगा रोड शो

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी रविवार को केरल के दौरे पर रहेंगे। वह 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री पलक्कड़ में एक रैली और त्रिशूर में एक विशाल रोड भी करेंगे। पीएम ने भी इस दौरा को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज केरल की जनता के बीच रहने के लिए उत्सुक हूं। पलक्कड़ में एक रैली को संबोधित करूंगा और बाद में त्रिशूर में रोड शो में भाग लूंगा। केरल का माहौल एनडीए के पक्ष में है। लोग एलडीएफ और यूडीएफ के कुशासन से तंग आ चुके हैं। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 2:30 बजे पलक्कड़ के फोर्ट मैदान में प्रधानमंत्री एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं के पहुंचने की संभावना है। इस रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवारों के शामिल होने की उम्मीद है।

तमिलनाडु चुनाव के लिए टीवीके ने जारी की उम्मीदवारों की सूची; विजय दो सीटों से चुनावी मैदान में

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 में टीवीके

प्रमुख विजय ने रविवार को अपने पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। विजय ने घोषणा की कि वह परम्बूर (चेन्नई) और त्रिची ईस्ट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की बैठक में विजय ने अन्य उम्मीदवारों के नाम भी घोषित किए। उनके करीबी टीम के सभी सदस्य सूची में शामिल हैं। पार्टी प्रमुख ने कहा मैंने ऐसे उम्मीदवार चुने हैं जो जनता के साथ खड़े होंगे।

थरूर ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा- शून्य सीट वाली पार्टी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। केरल में चुनावी बिगुल बजते ही राजनीतिक

दलों के बीच जुबानी जंग बेहद तेज हो गई है। दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। थरूर ने मतदाताओं से बेहद सधे हुए अंदाज में एक खास अपील की। शशि थरूर ने कहा कि जिस पार्टी के पास विधानसभा में एक भी सीट नहीं है, उसे चुनाव में एक गंभीर फैक्टर के रूप में नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि जब वे शून्य सीट वाली पार्टी हैं, तो आप उन्हें एक मजबूत विकल्प या फैक्टर के तौर पर गंभीरता से नहीं ले सकते। वे दावा कर रहे हैं कि वे अपना खाता खोलेंगे, भले ही वे अधिकतम एक, दो या तीन सीटें जीत लें। लेकिन इतने भर से केरल के भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आने वाला नहीं है।

पिकअप की चपेट में आने से 10 साल की मासूम की मौत तीन महिलाएं घायल, शादी में शामिल होने आए थे सभी

रायपुर/अभनपुर, 29 मार्च (हाईवे चैनल)। रायपुर में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. शादी में शामिल होने आए लोगों को तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में 10 साल की मासूम की मौत हो गई, जबिक 3 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई. पूरी घटना अभनपुर थाना इलाके की केंद्री के पास की है।

जानकारी के अनुसार, गरियाबंद जिले के ग्राम कुटेना निवासी जमुना सोनवानी अपनी 10 वर्षीय बेटी राजनंदनी और रिश्तेदार मंजू बघेल और गोंदा बघेल के साथ सिंगारभांठा गांव में विवाह समारोह में शामिल होने आई थी. कार्यक्रम के बाद वे लौटने के लिए केंद्री स्थित बीआईटी मोड़ के पास पैदल जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घायलों को राहगीरों की मदद से तत्काल अभनपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया. अन्य घायलों का इलाज जारी है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी वाहन चालक हादसे के बाद भाग निकला, जिसकी तलाश जारी है।

चलती कार बनी आग का गोला, तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत, आठ साल की बच्ची चमत्कारिक रूप से बची

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। बालाघाट जिले में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें चलती कार दुर्घटनाग्रस्त होकर आग का गोला बन गई। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक 8 वर्षीय बच्ची सुरक्षित बच गई। यह हादसा बीती रात करीब साढ़े 11 बजे बैहर-मलाजखंड रोड पर केवलारी चौराहे के पास हुआ। एक चलती आल्टो कार अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि अंदर बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल पाया। हादसे के बाद कार आग का गोला बन गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए कार के कांच तोड़कर तीन लोगों को बाहर निकाला। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से झुलस चुके थे। लेकिन आग बहुत तेज होने के कारण तीन लोगों को बाहर नहीं निकाला जा सका और उनकी कार के अंदर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं एक 8 साल की बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार, कार चला रहा सीतम केलकर अपने गांव पोंडी (परसवाड़ा) से पौनी जा रहा था। पौनी में उसकी वेल्डिंग की दुकान है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चे के साथ गांव आया था और देर रात अपने माता-पिता के साथ वापस लौट रहा था। कार में पड़ोस की 8 साल की बच्ची भी सवार थी, जो अपने घर पौनी जा रही थी। बताया जा रहा है कि यह हादसा संभवतः चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुआ। एक मोड़ के बाद कार सीधे सड़क से नीचे उतर गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई।

यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती बस में लगी आग, मच गई चीख-पुकार; बाल-बाल बची 48 यात्रियों की जान

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। मथुरा के नौहझील थाना क्षेत्रांतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आगरा से नोएडा की ओर जा रही एक प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई। माइलस्टोन 64 के पास गांव कटैलिया के समीप हुई इस घटना में बस कुछ ही देर में आग का गोला बन गई। हालांकि पुलिस और ग्रामीणों की तत्परता से सभी यात्रियों की जान बचा ली गई।

पुलिस के अनुसार, बस से अचानक धुआं उठता देख गांव कटैलिया निवासी यशपाल सिंह ने तुरंत फोन के माध्यम से नौहझील थाना प्रभारी को सूचना दी। बस में आग लगते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच

गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सोनू सिंह व उपनिरीक्षक हरेंद्र तोमर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए बस में सवार सभी 38 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके साथ ही एफएस मांट को सूचना देकर दमकल वाहन मौके पर बुलाया गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया कि बस में सवार सभी 48 यात्री आगरा में ताजमहल का भ्रमण कर दिल्ली लौट रहे थे। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सभी यात्रियों को दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है। घटना के बाद कुछ देर के लिए एक्सप्रेस-वे पर यातायात भी प्रभावित रहा। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

एआईएडीएमके ने 17 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, चेन्नई की सीटों पर कई उम्मीदवारों को दिया टिकट

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए एआईएडीएमके ने अपने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एआईएडीएमके ने रविवार को अपनी तीसरी सूची जारी कर दी। इस सूची में चेन्नई शहर की विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं।

पार्टी के महासचिव ई पलानीस्वामी ने वरिष्ठ नेता आधी राजाराम को चेपॉक-तिरुवल्लिकेनी सीट से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पूर्व मंत्री बी. वलारमथि और एस. गोकुला इंदिरा को क्रमशः थाउजेंड लाइट्स और अन्ना नगर सीटों से मैदान में उतारा गया है। तीसरी सूची में कुल 17 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी इससे पहले दो चरणों में 150 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा के लिए एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा और 4 मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इसके अलावा थायगरायनगर से बी. सथियनारायणन, वेलाचेरी से एमके अशोक, शोलिंगनल्लूर से केपी कंथन, डॉ. राधाकृष्णन नगर से आरएस राजेश और विल्लीवक्कम से एसआर विजयकुमार को टिकट दिया गया है। चेन्नई की तिरुवीकानगर (आरक्षित) सीट से ए. पोरकोडी चुनाव लड़ेंगी। अन्य सीटों पर तिरुचुली से एमएसआर राजगोपालन, आलंदुर से एस. सरवनन, कोलाथुर से पी. संथाना कृष्णन, एगमोर (आरक्षित) से अभिषेक रंगासामी और अलंगुड़ी से थाना विमल को उम्मीदवार बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू का तांडव, खुले में फेंकी जा रही मृत मुर्गियों से दहशत

बिलासपुर, 29 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में जानलेवा एचडएन1 वायरस (बर्ड फ्लू) की दस्तक से हड़कंप मचा हुआ है । एक तरफ प्रशासन संक्रमण रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है, वहीं दूसरी तरफ शहर के कुछ इलाकों में भारी लापरवाही ने लोगों की जान जोखिम में डाल दी है। ताजा मामला तखतपुर-नगोई बायपास और ड्रीम सिटी के पास खुले में मृत मुर्गियां फेंके जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

बिलासपुर के तखतपुर-नगोई नए बायपास रोड और खमतराई

स्थित ड्रीम सिटी के पास के मैदानों से दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। यहाँ अज्ञात लोगों द्वारा बड़ी संख्या में मृत मुर्गियों को बोरियों में भरकर खुले में फेंक दिया गया है।मृत पक्षियों के सड़ने से उठ रही बदबू और संक्रमण के डर से स्थानीय निवासी दहशत में हैं।सूचना मिलते ही प्रशासन ने इन मुर्गियों को सुरक्षित तरीके से डिस्पोज (निपटान) करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इस कृत्य ने स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की निगरानी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। बर्ड फ्लू की पुष्टि होते ही बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में रेड अलर्ट जारी कर दिया है। संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए शहर को दो हिस्सों में बांटा गया है। बिलासपुर के रामकृष्ण परमहंस नगर और विद्यासागर नगर वार्ड को पूरी तरह संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है।शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित पाबंदियां लागू कर दी हैं बिक्री और परिवहन पर रोक: प्रभावित इलाकों में मुर्गा, अंडा और अन्य पोल्ट्री उत्पादों की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। चिकन और अंडे की सभी दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करने के आदेश दिए गए हैं।किसी भी प्रकार की होम डिलीवरी सेवा पर रोक लगा दी गई है।शहर की सीमाओं और प्रभावित वार्डों के प्रवेश द्वार पर चेकपोस्ट बनाकर निगरानी की जा रही है। पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

कुर्दिस्तान के राष्ट्रपति आवास पर ड्रोन अटैक, अमेरिका ने बताया कायरतापूर्ण हमला, ईरान के साथ छिड़ी जुबानी जंग

नई दिल्ली, 29 मार्च (न्यूज चैनल)। पश्चिम एशिया का पूरा इलाका इन दिनों बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। ताजा मामला इराक के कुर्दिस्तान से आया है, जहां राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन हमला किया गया। इस हमले ने न सिर्फ कुर्दिस्तान बल्कि अंतरराष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा दिया है। घटना के बाद से अमेरिका बेहद तल्ख तेवर में नजर आ रहा है। वहीं, ईरान भी चुप नहीं है। दोनों देशों के बीच का पुराना विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। जैसे ही राष्ट्रपति आवास पर हमले की खबर आई, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बिना देर किए एक बयान जारी किया। अमेरिका ने हमले को %कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्य% बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। अमेरिका ने साफ लफ्जों में कहा है कि वह कुर्दिस्तान और इराक की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ मजबूती से खड़ा है। अमेरिका ने इराकी प्रशासन से मांग की है कि इस साजिश के पीछे जो भी चेहरे हैं, उन्हें बेनकाब कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस एक हमले ने जितनी दहशत जमीन पर नहीं फैलाई, उससे कहीं ज्यादा इसने कूटनीतिक गलियारों में तनाव पैदा कर दिया है।